# उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका

## अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र हेतु छत्तीसगढ़ ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन

छत्तीसगढ़ इन्फोटेक प्रमोशन सोसायटी

# विषय सूची


**ई-डिस्ट्रिक्ट: होम पेज** ..... 2

**चरण 1: ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर पंजीकरण** ..... 3

**चरण 3: पंजीकृत उपयोगकर्ता लॉगिन** ..... 4

**चरण 3: योजना खोज** ..... 5

**चरण 4: आवेदक की बुनियादी जानकारी** ..... 8

**चरण 5: अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र के लिए आवेदन** ..... 9

**चरण 6: आवश्यक दस्तावेज़ अपलोड करना** ..... 10


**चरण 7: पूर्वावलोकन और आवेदन जमा करना** ..... 11

**चरण 8: शुल्क का भुगतान** ..... 12

**चरण 9: पावती सुरक्षित रखना** ..... 13

# ई-डिस्ट्रिक्ट: होम पेज

अपने कम्प्यूटर या लैपटॉप के वेब ब्राउज़र में टाइप करें – cgedistrict.cgstate.gov.in
निम्नानुसार होमपेज खुलेगा।




**चित्र क्रमांक 1: छत्तीसगढ़ ई-डिस्ट्रिक्ट होम पेज**


लॉगिन करने के लिए होम पेज पर **नागरिक लॉगिन** बटन पर क्लिक करें।




**चित्र क्रमांक 2: नागरिक लॉगिन बटन**

# चरण 1: ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर पंजीकरण

अगर आप नए यूज़र हैं तो छत्तीसगढ़ ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर निम्न प्रक्रिया द्वारा रजिस्टर करें।




**चित्र क्रमांक 3: नवीन उपयोगकर्ता पंजीयन**

**चरण 1.1:** नए पंजीयन हेतु दिए गए लिंक पर क्लिक करें, निम्नानुसार नागरिक पंजीकरण पेज खुलेगा।




**चित्र क्रमांक 4: नागरिक पंजीकरण पेज**


**चरण 1.2:** नागरिक पंजीकरण पेज पर आवेदक उपयोगकर्ता नाम दर्ज करें।

**चरण 1.2:** फॉर्म में पूछी गई ज़रूरी जानकारियाँ दर्ज करें।

**चरण 1.2: "जमा करें"** बटन पर क्लिक करें। इस तरह रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूर्ण होती है।

# चरण 3: पंजीकृत उपयोगकर्ता लॉगिन

पंजीकृत उपयोगकर्ता निम्न प्रक्रिया द्वारा लॉगिन करें।





**चित्र क्रमांक 5: उपयोगकर्ता लॉगिन प्रक्रिया**

1. **यूज़रनेम** दर्ज करें।
2. **पासवर्ड** दर्ज करें।
3. ***"ओटीपी भेजें"*** पर क्लिक करें।
4. अपने पंजीकृत नंबर पर प्राप्त ओटीपी यहाँ दर्ज करें।
5. **लॉगिन** बटन पर क्लिक करें।

# चरण 3: योजना खोज

**चरण 3.1:** योजना खोज पेज में दी गई जानकारी भरें।





**चित्र क्रमांक 6: योजना खोज पेज**

**चरण 3.2: खोजें** पर क्लिक करें।


**चरण 3.3:** सेवाओं की सूची खुलेगी। इसमें **अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र** देखें।

**चरण 3.4:** यदि यह सेवा सूची में शामिल नहीं है तो ऊपर दिए गए **होम** बटन पर क्लिक करें। निम्नानुसार पेज खुलेगा।




**चित्र क्रमांक 7: उपयोगकर्ता होम पेज**

**चरण 3.5:** इस पेज पर **"सभी सेवाएँ देखें"** पर क्लिक करें। सेवाओं की सूची खुलेगी।




**चित्र क्रमांक 8: सेवाओं की सूची**

**चरण 3.6:** सेवाओं की सूची में से **अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र** के सामने दिए गए बटन पर क्लिक करें। निम्नानुसार सेवा का परिचय पेज खुलेगा।




**चित्र क्रमांक 9: सेवा परिचय एवं आगे बटन**

**चरण 3.6: "आगे"** बटन पर क्लिक करें।

इस पेज पर आप आवश्यक दस्तावेज़ों की सूची भी देख सकते हैं।


आवश्यक दस्तावेज

| क्रम सं | दस्तावेज़ प्रकार | सहायक दस्तावेज | अनिवार्य प्रारूप |
|---|---|---|---|
| 1 | निवास का प्रमाण | वार्ड सदस्य, स्थानीय विधायक / सांसद से प्रमाण पत्र | नहीं |
| | | घर या भूमि का दस्तावेज़ | |
| | | राशन कार्ड | |
| | | बिजली का बिल | |
| | | मूल निवासी प्रमाण पत्र | |
| | | जन्म प्रमाण पत्र | |
| | | जन्म सूचना प्रपत्र | |
| | | पिता / अभिभावक की सेवा प्रमाण पत्र / पहचान पत्र | |
| | | अनैच्छिक प्रवजन का आदेश | |
| 2 | शपथ पत्र | शपथ पत्र | हाँ |
| 3 | आय प्रमाण | पटवारी/सरपंच/पार्षद से प्रमाण पत्र | हाँ |
| | | नियोक्ता का आय प्रमाण पत्र/फार्म १६ | |
| | | राशन कार्ड | |
| | | भूमि/घर से आय | |
| | | अन्य | |
| | | आवेदन प्रपत्र | |
| 4 | अन्य पिछड़ा वर्ग का प्रमाण | शैक्षणिक प्रमाण - पत्र | हाँ |
| | | प्राथमिक स्कूल शिक्षा के प्रमाण पत्र के लिए स्थानांतरण | |
| | | पिता का अ.पि.व. प्रमाण पत्र | |
| | | सरपंच / पार्षद से ओबीसी प्रमाणपत्र | |
| | | पिता / अभिभावक की सेवा प्रमाण पत्र / पहचान पत्र | |
| | | मिसल | |
| | | अधिकार अभिलेख | |
| | | जमाबंदी | |
| | | १९३१ का जनगणना पंजी | |
| | | १९५९ का नागरिक पंजी | |
| | | दाखिल / ख़ारिज पंजी | |
| | | असमर्थता / अनुपलब्धता का प्रमाण | |
| 5 | वंशावली | वंशावली | नहीं |
| | | वंशावली १ | |
| | | वंशावली २ | |

**चित्र क्रमांक 10: आवश्यक सहायक दस्तावेज़ों की सूची**


# चरण 4: आवेदक की बुनियादी जानकारी

**चरण 4.1:** निम्नानुसार फॉर्म में पूछी गई जानकारियाँ दर्ज करें।




**चित्र क्रमांक 11: आवेदक की बुनियादी जानकारी**

**चरण 4.2:** फॉर्म भरने के बाद **"जमा करें"** बटन पर क्लिक करें। निम्नानुसार दस्तावेज़ों की जांच सूची दिखाई देगी।




**चित्र क्रमांक 12: सहायक दस्तावेज़ों की जांच सूची**

**चरण 4.3:** इस विंडो में दिए गए **"जमा"** बटन पर क्लिक करें।


# चरण 5: अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र के लिए आवेदन

**चरण 5.1:** आवेदन फॉर्म में सामान्य विवरण और वर्तमान पता दर्ज करें।




**चित्र क्रमांक 13: अन्य पिछड़ा वर्ग आवेदन फॉर्म भाग एक व दो**


**चरण 5.2:** स्थायी पते का विवरण दर्ज करें, **सहेजें और पूर्वावलोकन** बटन पर क्लिक करें।




**चित्र क्रमांक 14: अन्य पिछड़ा वर्ग आवेदन फॉर्म भाग तीन, चार व पाँच**

# चरण 6: आवश्यक दस्तावेज़ अपलोड करना


अनुलग्नक का विवरण पेज खुलेगा, इसमें आवश्यक दस्तावेज़ अपलोड करने के लिए निम्न प्रक्रिया का पालन करें।




**चित्र क्रमांक 15: सहायक दस्तावेज़ अपलोड**

**चरण 6.1:** *"Choose File"* पर क्लिक कर अपने कम्प्यूटर या लैपटॉप से दस्तावेज की स्कैन कॉपी चुनें।

**चरण 6.2:** फाइल सलेक्ट करने के बाद *"UPLOAD"* पर क्लिक करें।




**चित्र क्रमांक 16: अनुलग्रनक सहेजें बटन**

**चरण 6.3:** दस्तावेज अपलोड करने के बाद **"अनुलग्रक सहेजें"** पर क्लिक करें।

**चरण 6.4:** पुष्टिकरण के लिए डॉयलॉग बॉक्स खुलेगा, इसे **ओके** कर दें।

# चरण 7: पूर्वावलोकन और आवेदन जमा करना

अनुलग्नन सहेजने के पश्चात् निम्न चित्रानुसार पूर्वावलोकन पेज खुलेगा। ध्यानपूर्वक अपने आवेदन की जांच करें।




Session TimeOut (In Minute) : 14:58　　होम

पूर्वावलोकन- अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र

| आवेदक की बुनियादी जानकारी | |
|---|---|
| आवेदक का नाम | |
| हितग्राही का नाम | |
| आवेदन दिनांक | 09-02-2026 |
| आवेदक का पता | रायपुर छत्तीसगढ़ |
| मोबाइल नंबर | |
| ई मेल | XYZ@gmail.com |
| आधार कार्ड नंबर | |
| कार्यालय प्रकार | उप-जिला / राजस्व तहसील / राजस्व उप-तहसील |
| **सामान्य विवरण** | |
| हितग्राही के अभिभावक का प्रकार | पिता |
| हितग्राही के अभिभावक का नाम | |
| हितग्राही के अभिभावक का प्रकार अंग्रेजी में | Father |
| हितग्राही के अभिभावक का नाम अंग्रेजी में | Ramesh Kumar |
| लिंग | पुरुष/Male |
| वैवाहिक स्थिति | वर्तमान में विवाहित |
| जन्म तिथि | 07/02/1991 |
| आवेदक से सम्बन्ध | स्वयं |
| जाति | अवधिया |
| श्रेणी | अन्य पिछड़ा वर्ग |

**चित्र क्रमांक 17: आवेदन पूर्वावलोकन**



Session TimeOut (In Minute) : 14:58　　होम

पूर्वावलोकन- अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र

| | |
|---|---|
| आवेदक का परिवार के मुखिया से सम्बन्ध | ---- |

आवेदक या उसके पिता या माता या पालक का २६ दिसंबर १९८४ से अब तक का पता का विवरण

आवेदक के अभिभावक के पते की जानकारी

| क्रमांक नं | वर्ष से | वर्ष तक | रहने के पता का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | 1991 | 2026 | रायपुर |

अनुलग्न दस्तावेज सूची

| क्रमांक नं | दस्तावेज़ का नाम | सहायक दस्तावेज | दस्तावेज़ संख्या | दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शपथ पत्र | शपथ पत्र | | देखे |
| 2 | आय प्रमाण | पटवारी/सरपंच/पार्षद से प्रमाण पत्र | | देखे |
| 3 | आय प्रमाण | नियोक्ता का आय प्रमाण पत्र/फार्म १६ | | देखे |
| 4 | अन्य पिछड़ा वर्ग का प्रमाण | शैक्षणिक प्रमाण - पत्र | | देखे |

मैंने मेरे द्वारा किए गए आवेदन पत्र को भलीभांति देख लिया है और यह स्वीकार करता हूं कि मेरे द्वारा प्रदान किए गए सभी विवरण मेरी जानकारी के अनुसार सही हैं। किसी भी प्रकार की विसंगति होने की स्थिति में अधिकृत लोक सेवा केन्द्र या सक्षम अधिकारी जिम्मेदार नहीं होगा, ऐसी स्थिति में पूर्णतया मैं स्वयं जिम्मेवार रहूंगा/रहूँगी।

आवेदक के हस्ताक्षर

मैं,**हीन मंधान** ,घोषणा करता हूँ कि मेरे द्वारा प्रदाय किये गये समस्त दस्तावेजों को मूल प्रति से स्कैन किया गया है, तत्पश्चात पोर्टल में अपलोड किया जा रहा है। दस्तावेजों के किसी भी तरह त्रुटिपूर्ण पाये जाने पर संपूर्ण जवाबदेही मेरी होगी, एवं नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही के लिए मैं स्वयं जिम्मेदार हूँ।

☑ आवेदन जमा करने के लिए यहाँ चेक करे

जमा करें | छापें | अनुलग्नक सुधारे | आवेदन सुधारे | बुनियादी जानकारी सुधारे | बंद


**चित्र क्रमांक 18: आवेदक की घोषणा एवं आवेदन जमा**

**चरण 7.1 घोषणा:** घोषणा हेतु निर्धारित बॉक्स पर क्लिक करें।

**चरण 7.2:** घोषणा पर क्लिक करते ही **"जमा करें"** बटन दिखाई देगा। इस पर क्लिक करें।

# चरण 8: शुल्क का भुगतान

यह पेज कियोस्क ऑपरेटर द्वारा प्रति यूनिट लिए जाने वाले सेवा शुल्क को प्रदर्शित करता है।




**चित्र क्रमांक 19: शुल्क का विवरण**


**चरण 7.1:** निर्धारित शुल्क का भुगतान करें।
**चरण 7.2**: ***"जमा करें"*** पर क्लिक करते ही आवेदन जमा हो जाएगा।

नोट:

- लोकसेवा केंद्र/ सीएससी/कियोस्क के लिए सेवा शुल्क रु. 30 निर्धारित हैं।
- पाँच दस्तावेज़ों तक स्कैनिंग निःशुल्क है।
- इसके अतिरिक्त और कोई शुल्क देय नहीं है।

# चरण 9: पावती सुरक्षित रखना

आवेदन सफलतापूर्वक जमा होने के पश्चात् पावती जेनरेट होती है। इसमें **आवेदन संदर्भ क्रमांक** देखा जा सकता है। इस पावती का प्रिंट आउट लेकर सुरक्षित रखें।



पावती (लोक सेवा गारंटी)

आवेदन सारांश:

| | |
|---|---|
| आवेदन सन्दर्भ क्रमांक | 0705012601000006 |
| आवेदन दिनांक | 09-02-2026 |
| सेवा का नाम | अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र |
| भुगतान का विवरण | लोकसेवा केंद्र/सीएससी/कीओस्क के लिए सेवा शुल्क 30.00<br>स्कैनिंग शुल्क 0.00 |
| कुल भुगतान शुल्क | 30.0 |
| भुगतान का तरीका | ई-वॉलेट |
| सेवा की नियत तिथि | 24-03-2026 |
| प्रदेय विवरण (प्रमाण पत्र, नगद प्राप्ति, आदेश की प्रति) | प्रमाण पत्र |

| कार्यालय | |
|---|---|
| कार्यालय प्रकार | उप-जिला / राजस्व तहसील / राजस्व उप-तहसील |
| जिला | रायपुर |
| उप-जिला / राजस्व तहसील / राजस्व उप-तहसील | रायपुर तहसील |
| राजस्व ग्राम | अमलीडीह |

| आवेदक का विवरण | |
|---|---|
| नाम | |
| पता | रायपुर छत्तीसगढ़ |
| जिला | रायपुर |
| राज्य | छत्तीसगढ़ |
| ईमेल | XYZ@gmail.com |
| मोबाइल नंबर | - |

किसी भी पूछताछ के लिये अपने निकटतम लोक सेवा केंद्र में संपर्क करें

| लोक सेवा केंद्र / सी.एस. सी./ चॉइस केंद्र का विवरण | |
|---|---|
| नाम | |
| पता | |
| मोबाइल नंबर | |

मुहर एवं हस्ताक्षर

**नोट:** 1.यदि वैध शुल्क के अतिरिक्त अन्य किसी राशि की मांग की जाती है तो 0771-4013758 नंबर पर संपर्क करे |

2.आवेदन शुल्क रु. 30 (तीस रुपये मात्र) तथा समुचित वांछित दस्तावेज प्राप्त करते समय रु. 5 (पांच रुपये मात्र)

**चित्र क्रमांक 20: पावती एवं आवेदन संदर्भ क्रमांक**

**आवेदन संदर्भ क्रमांक** की सहायता से आवेदन की स्थिति छत्तीसगढ़ ई-डिस्ट्रिक्ट के पोर्टल पर देखी जा सकती है।

**उपयोगी जानकारी:**

- आवेदन जमा करने के बाद निर्धारित 22 दिनों की समय-सीमा के अंदर आवेदन का निराकरण कर दिया जाता है।
- ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर आवेदन की स्थिति देखी जा सकती है।
- अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र जारी होने के उपरांत इसकी डिजिटल प्रति ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल से डाउनलोड की जा सकती है।